सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल 05 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रातः राजभवन एवं गोल्फ कोर्स परिसर में बर्ड वॉचिंग की। बर्ड वाचिंग के दौरान उन्होंने कई पक्षियों को देखा जिनमें हिमालयन चित्ता कठफोड़ा, सामान्य भुजंगा, तीतर, पहाड़ी बुलबुल, सलेटी–सिर पतफुदकी, सफेदकंठ चिलचिल आदि प्रजातियां थी। बर्ड वाचरों ने पक्षियों की इन प्रजातियों की विशेषता आदि के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी।

जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तराखंड में विभिन्न प्रकार की पक्षियों की प्रजातियां पायी जाती हैं। वहीं राजभवन नैनीताल एवं गोल्फ कोर्स के क्षेत्र में भी पक्षियों की अनेक प्रजातियां देखने को मिलती हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा की पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को देखकर एक अलग ही आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि पक्षियों की अलग–अलग चहचहाहट से मन को प्रफुल्लित और आकर्षित करने वाला रहा। राज्यपाल ने कहा कि अन्य स्थानों पर जहां पक्षियों के दीदार मौसम पर निर्भर है, इस परिसर में वर्ष भर पक्षियों का बसेरा रहता है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति के अनमोल खजाने से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड की जैव विविधता विशिष्ट है, जो पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे रही है। हमे इस जैव विविधता को बचाए रखने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान डीएफओ नैनीताल चंद्रशेखर जोशी, एसडीओ प्रमोद चंद तिवारी, रेंजर संतोष गिरी, बर्ड वाचर मनीष कुमार, विरेन्द्र रावत, प्रवीन सिंह रावत, योगेश आदि मौजूद रहे।

............0............